## महत्वपूर्ण एवं खास

### आरोपियों से 150 पाऊच महुआ शराब, 69 पाव देशी व 6 पाव अंग्रेजी शराब व एक स्कुटी जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस द्वारा शराब परिवहन की सूचना पर जिंदल फेब्रीकेशन के सामने नाकेबंदी किया गया था। उसी दौरान एक बिना नम्बर टीवीएस स्कुटी में दो व्यजक्ति पुलिस की नाकेबंदी देखकर स्कुनटी छोड़कर भागे। पुलिस पार्टी पीछा किये किन्तु दोनों आरोपीगण भाग गये। स्कुकटी के पैरदान में 150 पाउच महुआ शराब (प्रत्येक में 180 रुवाली कुल कच्ची शराब 27000 रुकीमती 2700 रुपये) जप्त किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने श्रीमती सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने समाज सुधारक और मराठी कवयित्री स्वर्गीय श्रीमती सावित्री बाई फुले की 10 मार्च पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने कहा कि श्रीमती फुले ने दलितों की सेवा, महिलाओं के सशक्तिकरण और शिक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। श्रीमती सावित्री बाई फुले ने न सिर्फ खुद पढ़ाई की बल्कि दूसरी महिलाओं के लिए भी शिक्षा के दरवाजे खोले और उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती फुले के जनचेतना के लिए किये गए कार्य हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

### खनिज अवैध परिवहन के 47 प्रकरण दर्ज - 3.95 लाख अर्थदण्ड की वसूली

**रायपुर।** प्रदेश में अवैध खनिज पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। गत फरवरी माह में बालोद जिले में अवैध खनिज परिवहन के 47 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिले में खनिज विभाग द्वारा 42 प्रकरण, पुलिस विभाग द्वारा दो प्रकरण और राजस्व विभाग द्वारा तीन प्रकरण सहित कुल 47 प्रकरण दर्ज कर तीन लाख 95 हजार 742 रुपए अर्थदण्ड वसूल किया गया है। इन प्रकरणों मे अवैध खनिज रेत के ग्यारह, चूनापत्थर के छह, मुरूम के दस, बोल्डर के एक और ईंट, मिट्टी के चौदह अवैध परिवहन के प्रकरण शामिल है।

### निगम जोन 1 ने जोन की महिला पार्षदों एवं स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया

» सिद्धी विनायक अस्पताल के सहयोग से महिलाओं का स्वास्थ्य जागरूकता हेतु परीक्षण किया गया

**रायपुर (आरएनएस)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर नगर निगम जोन 1 ने जोन स्तर पर जोन की महिला पार्षदों श्रीमती टेसू नंद किशोर साहू, श्रीमती अंजनी राधेष्याम विभार, श्रीमती गोदावरी गज्जू साहू, श्रीमती दिलेश्वरी अन्नू राम साहू, श्रीमती कामिनी पुरूषोत्तम देवांगन, श्रीमती मंजू विरेन्द्र साहू एवं वार्ड में कार्यरत स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया । जोन 1 की ओर से महिला पार्षदों सहित स्वच्छता दीदियों का सम्मान जोन 1 कमिश्नर दिनेश कोसरिया सहित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। स्वच्छता दीदियों एवं महिला पार्षदों का जोन 1 कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेष बघेल की रेडियोवार्ता लोकवाणी के तत्काल पश्चात निगम जोन 1 द्वारा सम्मान किया गया। जोन 1 कमिश्नर कोसरिया ने बताया कि सिद्धी विनायक अस्पताल प्रबंधन उरकुरा के सकारात्मक सहयोग एवं वहां पदस्थ चिकित्सक डॉ. देवेश डहरिया के विशेष प्रयासो से जोन 1 कार्यालय में अस्पताल से महिला चिकित्सको की टीम ने आकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता महिलाओं के मध्य लाने उनका रक्तचाप मधुमेह हिमोग्लोबिन सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं उन्हें जीवन में स्वस्थ रहने चिकित्सकीय परामर्ष व आवष्यक दवाईयां प्रदत्त की। जोन 1 कमिश्नर ने जोन की ओर से महिला पार्षदों सहित सभी स्वच्छता दीदियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार जोन 5 कार्यालय में जोन 5 कमिश्नर अरूण कुमार ध्रुव ने जोन के वार्डो में कार्यरत महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं को जोन कार्यालय में ससम्मान आमंत्रित कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जोन कार्यपालन अभियंता डॉ. बीपीके राही , सहायक अभियंता आरएन पटेल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी भूषण ठाकुर, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू की उपस्थिति में सम्मानित किया।

# मुख्य सचिव ने केन्द्र प्रवर्तित एवं केन्द्र क्षेत्रीय योजनाओं की समीक्षा की

» केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत राशि का समुचित उपयोग सुनिश्चित हो मुख्य सचिव

**रायपुर।** मुख्य सचिव श्री आर.पी. मण्डल ने राज्य शासन के सभी विभागों के अपर, प्रमुख, और प्रभारी सचिवों को निर्देश दिय है कि वर्ष 2019-20 के दौरान विभिन्न विभागों में केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत एवं आबंटित राशि का समुचित उपयोग करें। मुख्य सचिव ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में केन्द्र प्रवर्तित एवं क्षेत्रीय योजनाओं के अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्त राशि एवं व्यय तथा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने भी केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के वित्तीय संसाधनों के संबंध में विस्तार से



जानकारी दी।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिये है कि केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत राशि का यदि आबंटन शेष है तो तत्काल समुचित कार्रवाई कर आबंटन प्राप्त कर लिया जाए। बैठक में मुख्य सचिव ने कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, गृह, आवास पर्यावरण, खनिज, स्कूल एवं उच्च शिक्षा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास, नगरीय विकास, श्रम, राजस्व, वन, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग सहित अन्य विभागों के अंतर्गत आने वाली केन्द्र प्रवर्तित तथा केन्द्र क्षेत्रीय योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव गृह एवं ग्रामीण विकास, श्री सुब्रत साहू, पुलिस महानिदेशक श्री डी.एम. अवस्थी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री गौरव द्विवेदी, श्रम विभाग के सचिव श्री सोनमणी बोरा, खाद्य विभाग के सचिव श्री कमलप्रीत सिंह, महिला एवं बाल विकास, खेल एवं युवा कल्याण के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग के सचिव श्री डी.डी.सिंह, राजस्व सचिव सुश्री रीता शांडिल्य, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव श्री आशीश भट्ट सहित अन्य विभागों के सचिव उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए 16 मार्च तक आवेदन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धरमजयगढ़ जिला-रायगढ़ अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता के 5 एवं सहायिका के 44 पद रिक्त है। जिसके लिए 16 मार्च 2020 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदिका अपना आवेदन 16 मार्च शाम 5.30 बजे तक परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय, धरमजयगढ़ में सीधे जमा कर सकते है अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से भेज सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है। धरमजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत जिन ग्रामों के आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यकर्ता हेतु 5 रिक्त पद है इनमें ग्राम-नेवार, फत्तेपुर, कीदा, कुड़ेकेला एवं तेन्दुमुड़ी शामिल है। इसी तरह 44 आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए ग्राम-बायसी ढालीपारा, तराईमार राठियापारा, नरकालो प्रधानपारा स्कूलपारा, सिरकी, बोरो टांगरपारा, संगरा, उदउदा-1, गेरसा चौकपारा, ओंगना-2, पोटिया इंदिरा आवास, सागरपुर इंदिरा आवास, सागरपुर (गलीमार), कानाकूला, बरतापाली पटेलपारा, सिसरिंगा गट्टीनारा, सोहनपुर डोकरीपहरी, छेरगोदरी उरांवपारा, सोखामुड़ा डोकरीबहरी, कटाईपाली नवाडीह, बोकी सुकवासुपारा, मैनीपुर, एडुकला, लोटान, लामीखार, देउरमार, बोजिया नयाडीह, बेहरामुड़ा चौकपारा, गलीमार 2, खर्रा 2, दर्रीपारा, सिदारपारा, चैनपुर 1, कोयलार इंदिरावास, कीदा, सेमीपाली, बेहरामार सतनामीपारा, बोकरामुडा वृन्दावन, बोकरामुड़ा फिटिंगपारा, छाल अस्पतालपारा, छाल, लक्ष्मीपुर सिंगारपारा एवं सिथरा (बनहर) ग्राम शामिल है।



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ भवन में नगर पालिका निगम बिलासपुर के महापौर श्री रामशरण यादव एवं पार्षदों के साथ फोटो खिंचाया

## यातायात प्रवर्तन कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए एवं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में राजकुमार मिंज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायगढ़ एवं पुष्पेंद्र बघेल उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायगढ़ के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 05.02.20 को अभियान चलाकर शराब सेवन कर वाहन चालन करने वाले एवं नाबालिको द्वारा वाहन चालान के विरुद्ध कार्यवाही किया गया। जो आज दिनांक 09.02.20 को माननीय न्यायालय के समक्ष उपरोक्त प्रकरण प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा 04 शराबी वाहन चालकों के विरुद्ध 10000-10000 रू. जुमला 40000 रू. अर्थदंड एवं 03 नाबालिक चालकों के विरुद्ध 5000-5000रू. जुमला 15000 रू. अर्थदंड से दंडित किया गया।।

## होली की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच अवैध शराब संग्रहण करते आरोपियों से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

» थाना कोतरारोड़ , एवं तमनार क्षेत्र में हुई कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** होली त्यौहार के मद्देनजर जिले की पुलिस अवैध शराब एवं खुलें में शराब पीने वालों पर कार्यवाही के लिए पूरी तरह मुस्तैद होकर व्यवस्था बनाए हुए हैं। इसी बीच होली में अवैध रूप से शराब बेचने के लिए संग्रहण करते हुए अपने आरोपियों को थाना कोतरारोड़, पूंजीपथरा एवं थाना तमनार पुलिस द्वारा पकड़ा गया है।



कोतरारोड़ पुलिस द्वारा आरोपी विपिन सिंह पिता ओमकार सिंह उम्र 36 वर्ष सा0 जौनपुर उत्तर प्रदेश हा0मु0 इंडियन पेट्रोल पंप के पास, गोरखा थाना कोतरारोड को आजाद चौक किरोडीमलनगर के पास 44 पाव देशी शराब थैला में लेकर ऑटो का इंतजार करते हुए पकड़े। वहीं दूसरी घटना तमनार पुलिस द्वारा बरभांठा चौक के पास आरोपी दीपक कुमार साहू पिता सेवक राम साहू उम्र 25 वर्ष साकिन बरभांठा चौक तमनार को थैले में रखे 06 पाव स्पेशल विस्की तथा 25 पाव देशी मदिरा प्लेन के साथ पकड़ा गया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है।

## खुडखुडिया जुआ खिला रहे 03 आरोपियों को तमनार पुलिस ने पकड़ा, रू. 4950 जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** तमनार पुलिस द्वारा दिनांक 08.03.2020 को ग्राम तिलाईपाली में खुड़खुड़िया नामक जुआ खेल रहे आरोपीगण 1. सपरूद्दीन खान पिता समसुद्दीन खान उम्र 29 वर्ष साकिन झारियापाली थाना घरघोडा 2. रमजान खान पिता राज खान उम्र 27 वर्ष 3. शारूख खान पिता शहबाज खान उम्र 23 वर्ष दोनों ग्राम घरजिया बथान थाना पत्थलगांव जिला जशपुर हा0मु0 तिलाईपाली थाना तमनार को घेराबंदी कर पकडे। आरोपियों के पास से 1. गैस बत्ती 02 नग 2. एक खुडखुडिया पट्टी 01 नग 3. 06 नग गोटी छापवाली एवं जुमला नगदी रकम 4950 रूपये जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना तमनार में धारा 4(क) जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

# प्राकृतिक रंगों के साथ होली मनाने के लिए गुलाल तैयार









» जय मां गायत्री स्वसहायता समूह भेण्ड्री द्वारा निर्मित आर्गेनिक गुलाल

**रायपुर।** रंगों का त्यौहार होली में इस बार प्राकृतिक रंगों के उपयोग को अधिक बढ़ावा देने के लिए धमतरी जिले के मगरलोड विकासखण्ड के जय मां गायत्री स्व सहायता समूह भेण्ड्री (मल्टीयूटिलिटी सेन्टर) द्वारा आर्गेनिक गुलाल का निर्माण किया गया है। इसके विक्रय केन्द्र बिहान बाजार जिला पंचायत परिसर धमतरी के साथ ही बिहान बाजार केन्द्र जनपद पंचायत मगरलोड, धमतरी तथा नगरी में रखा गया है। इन जगहों पर इस आर्गेनिक गुलाल की बिक्री हो रही है। समूह की अध्यक्ष श्रीमती समिति साहू ने बताया कि इस गुलाल को बनाने के लिए गेंदा और सेवती फूल का प्रयोग किया गया है। इसके लिए उन्होंने फूल को धूप में अच्छी तरह से सुखाकर उसे बारिक पीस लिया उसके बाद उसमें अलग-अलग आर्गेनिक रंग मिलाकर खुशबू के लिए कई तरह के इत्र का प्रयोग किया है। बताया गया है कि होली के लिए समूह की सदस्यों द्वारा 200 किलोग्राम गुलाल का निर्माण किया गया है। इसमें ढाई सौ ग्राम का पैकेट 40 रूपए और 500 ग्राम का पैकेट 100 रूपए की दर से बेचा जा रहा है।

## भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल ने दायित्वों के बंटवारे को लेकर वित्त राज्यमंत्री को दिया ज्ञापन

**रायपुर (आरएनएस)।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का प्रतिनिधि मण्डल आज सोमवार 9/3/20 को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से रायपुर छत्तीसगढ़ प्रवास भेंट कर स्वागत किया और राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा49 को विलोपित कर छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के बीच पेंशनरी दायित्वों का बटवारा करने तथा भोपाल स्थित सेंट्रल पेंशन प्रोसेसिंग सेल स्टेट बैंक की शाखा छत्तीसगढ़ में स्थापित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

» फ्लैग मार्च के जरिए हुड़दंगियों को संदेश, शालीनता से मनावे होली » देहात क्षेत्रों में भी निकाला गया फ्लेग मार्च

## होलिका दहन की पूर्व संध्या पर शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

» होली त्यौहार के मद्देनजर होलिका दहन की पूर्व संध्या पर सोमवार शाम 17.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ से एडिशनल एसपी रायगढ़ श्री अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में जिला पुलिस बल तथा 6वीं बटालियन व नगर सेना का रिजर्व बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया और लोगों को आश्वस्त किया गया कि बेखौफ होकर होली का जश्न मनाएं।

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** होली के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी से निपटने के लिए जिला पुलिस तैयार है सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

आज शाम कंट्रोल रूम से निकलकर फ्लैग मार्च टीवी टावर रोड-पहाड़ मंदिर-बोइरदादर-बेलादुला-जमुना चौक से होते कबीर चौक-कांशी नगर चौक - छातामुड़ा चौक-मिट्ठूमुड़ा- सावित्री नगर -विश्वाशगढ चौक से वापस शनि मंदिर चौक -सारंगढ़ चौक-सुभाष चौक - स्टेशन चौक घड़ी चौक से होते कोतरा रोड से वापस घड़ी चौक - कोतवाली होते गांजा चौक-चांदनी चौक केवड़ाबाड़ी-ढिमरापुर बड़े रामपुर सर्किट हाउस होते वापस कंट्रोल रूम में फ्लैग मार्च समाप्त किया गया।

होलिका दहन की पूर्व संध्या से तैनात पुलिस बल धुलेंडी के दिन देर रात्रि सुरक्षा व्यवस्था में रहेंगे । सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शहर के सभी प्रमुख चौक चौराहों पर फिक्स पैकेट लगाया गया है साथ ही थानों की पेट्रोलिंग के अलावा प्रत्येक थाने में 5-6 अतिरिक्त पेट्रोलिंग लगाई गई है । इसके अतिरिक्त डायल 112 व 03 फायर ब्रिगेड भी आपातकालीन व्यवस्था को देखते हुए तैयार रखे गए हैं। पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा पूर्व में ही शालीनता एवं सौहार्द पूर्ण रूप से होली मनाने की अपील जिलेवासियों को प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से किया गया है। होली त्यौहार में शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालो पर पुलिस की सख्त कार्यवाही की जावेगी । फ्लेग मार्च का संदेश हुड़दंगियों को सख्त संदेश दिया जाना है की जिले में सुरक्षा का तगड़ा बंदोबस्त किया गया है । किसी भी तरह की खलल त्यौहार में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा ।

# छत्तीसगढ़ के 12 स्कूलों में अमेरिका से ऑनलाईन मिल रही दूरस्थ शिक्षा

» बोस्टन साइंटिफिक रिसर्च सेन्टर की सुश्री अर्चना देवकर स्कूली बच्चों को दे रही है ऑनलाईन शिक्षा

» विभिन्न विषयों के वीडियों यू-ट्यूब चैनल - डीईएल छत्तीसगढ़ को

» 10 हजार से अधिक बार और 300 से ज्यादा घंटे तक देखा गया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा विभाग की नई पहल जिन स्कूलों में शिक्षक नहीं वहां ऑनलाईन पढ़ाए जाने के समर्थन में संयुक्त राज्य अमेरिका के स्वयंसेवक भी आगे आ रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए स्कूलों में ऑनलाईन लाइव इंटरेक्टिव कक्षाओं की योजना शुरू करने की घोषणा के कुछ सप्ताह बाद ही देश और दुनिया से कई शिक्षक और स्वयंसेवक इन कक्षाओं के संचालन करने में सहयोग दे रहे है। इन्हीं में से एक संयुक्त राज्य अमेरिका के मिनेसोटा की स्वयंसेवक सुश्री अर्चना देवकर जो वर्तमान में बोस्टन साइंटिफिक रिसर्च के साथ काम कर रही हैं। उनके द्वारा परियोजना के तहत चयनित 12 स्कूलों में ऑनलाईन शिक्षा दी जा रही है। स्वेच्छा से रूचि लेते हुए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा कर रही है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाईन पढ़ाई के लिए शुरू किए गए पायलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत अमेरिका की सुश्री अर्चना देवकर जिन 12 स्कूलों में दे रही है उनमें चाम्पा, खरोरा, बेमेतरा, सेल, कोमाखान, बालोद, मुंगेली, खौना, सांकरा, नवापारा के दो स्कूल और बरना स्कूल शामिल हैं।



स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे स्कूलों में जहां विषयों के शिक्षक नहीं वहां विषय-विशेषज्ञों के माध्यम से पढ़ाई शुरू हुई है। इन स्कूलों में वाई-फाई कनेक्टिविटी की व्यवस्था की गई है। साथ ही बच्चों की पढ़ाई के लिए एलसीडी, प्रोजेक्टर, लैपटाप आदि की सुविधा की गई है।

इन उपकरणों के माध्यम से लाइव (जीवंत) पढ़ाई कराई जा रही है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा नवमीं से 12वीं तक के 12 शासकीय स्कूलों में ऑनलाईन पढ़ाए जाने की शुरूआत 10 फरवरी से की गई है। 50 घंटे से अधिक लाइव क्लास पहले ही आयोजित की जा चुकी है। छात्रों में ऑनलाईन शिक्षकों द्वारा सौंपे गए होमवर्क को भी साझा किया है। जिसका वर्तमान में मूल्यांकन किया जा रहा है और विद्यार्थियों के लिए व्यक्तिगत प्रतिक्रिया के साथ स्कूलों में वापस भेजा जाता है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और जुगाड़ स्टूडियो, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र में तकनीकी टीम के विशेषज्ञों ने कला, वाणिज्य और विज्ञान (अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, हिन्दी, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित) जैसे विषयों पर वीडियों विकसित किए है। इन्हें यू-ट्यूब चैनल - डीईएल (डिस्टेंस एजुकेशन लर्निंग) छत्तीसगढ़ पर 10 हजार से अधिक बार और 300 से ज्यादा घंटे तक देखा गया है। इसमें सभी विषयों की ई-कक्षाएं आयोजित होती है। आने वाले समय में इस योजना से करीब एक हजार स्कूलों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। इसमें विभिन्न विषयों के ऑनलाईन वीडियों तैयार किए गए हैं। योजना का उद्देश्य वंचित स्कूलों के बच्चों की ई-क्लास लगवाकर उनकी सिखने और समझने की प्रक्रिया सुनिश्चित करना और आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए तैयार करना है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र नवा रायपुर के माध्यम से शून्य बजट में दो जुगाड़ स्टूडियो बनाए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHH-